अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01 का कार्यालय
बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना, बिहार।

दिनांक–12.01.2024 को सम्पन्न निविदा तकनीकी मूल्याकंन समिति की बैठक की कार्यवाहीः–

बैठक में कार्य प्रमण्डल, दरभंगा के अंतर्गत शिवहर जिला के हिरम्मा थाना में नक्सल थाना भवन (G+3) Structure का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य के लिए आमंत्रण सूचना सं0–36/एस0बी0डी0/2023–24 के ग्रुप सं0–11 (पुनर्निविदा) द्वारा आमंत्रित निविदा के अंतर्गत प्राप्त बीड के तकनीकी बीड का मूल्यांकन किया गया।

1. <u>उपस्थितिः–</u>

1.1	श्री सपलेश्वर मंडल, अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01, मुख्यालय, पटना	– अध्यक्ष
1.2	श्री हेमंत कुमार, मुख्य लेखा पदाधिकारी, मुख्यालय, पटना	– सदस्य
1.3	श्री विद्या भूषण प्रसाद, तकनीकी सलाहकार, कार्य अंचल–1, मुख्यालय, पटना	– सदस्य
1.4	श्री मिथिलेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा	– सदस्य

2. <u>निविदा के संबंध में विवरणः–</u>

2.1	कार्य का नाम	– शिवहर जिला के हिरम्मा थाना में नक्सल थाना भवन (G+3) Structure का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य (पुनर्निविदा)।
2.2	प्रमण्डल का नाम	– दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा
2.3	राज्यादेश की राशि एवं प्रसंग	– रू0–6,39,43,600/– ज्ञापांक06/योजना–01–57/2022गृ०आ०11209/पटना, दिनांक 09.11.2022
2.4	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	– रू0–6,16,88,850/– एच0क्यू0 3505 (अनु0), दिनांक–22.09.2023
2.5	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	– रू0–5,43,08,300/– ज्ञापांक– अभि0 2341 पटना, दिनांक 29.09.2023
2.6	परिमाण विपत्र की राशि	– रू0–5,43,08,296/–
2.7	निविदा की प्रक्रिया	– e-tender (SBD)
2.8	निविदा प्राप्ति की तिथि	– 18.11.2023
2.9	कार्य समाप्ति की अवधि	– 14 माह
2.10	प्राप्त निविदा की संख्या	– 04 (चार अदद) यथा 1. Dharmendra Kumar 2. M/s Malti Singh Construction Pvt. Ltd. 3. Abhay Construction 4. M/s Royal Engineers
2.11	प्राप्त निविदा पुनर्निविदा है या नहीं	– पुनर्निविदा है।

3. तकनीकी बीड का मूल्यांकनः–

3.1 ई0–निविदा सूचना संख्या– 36 / एस0बी0डी0 / 2023–24 के ग्रुप संख्या–11 में 04 (चार अदद) निविदाकारों यथा 1. Dharmendra Kumar 2. M/s Malti Singh Construction Pvt. Ltd. 3. Abhay Construction 4. M/s Royal Engineers द्वारा भाग लिया गया है।

3.2 निविदा में प्रतिभागी सभी निविदादाताओं के अग्रधन का सत्यापन कराया गया है एवं सही पाया गया है।

3.3 निविदा में प्रतिभागी सभी निविदादाताओं के कार्यानुभव प्रमाण–पत्र का सत्यापन प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले कार्यालय से करा लिया गया है एवं सही पाया गया है।

3.4 प्रतिभागी निविदाकारों के तकनीकी बीड की समीक्षोपरान्त स्थिति निम्नवत् पायी गयी हैः–

A. **Dharmendra Kumar** द्वारा संलग्न कार्य अनुभव प्रमाण पत्रों के अनुसार E/W & Sand Filling का मात्रा आधारित कार्य अनुभव निविदा के तकनीकी बीड में सफल होने के लिए वांछित न्यूनतम मात्रा 2393.912 cum के विरूद्ध मात्र 2304.28 cum है।

B. **M/s Malti Singh Construction Pvt. Ltd.** द्वारा तकनीकी बीड के साथ अर्हता संबंधी सभी वांछित कागजात संलग्न किया गया है।

C. **M/s Royal Engineers** द्वारा समरूप कार्य के अनुभव का कोई साक्ष्य संलग्न नहीं किया गया है।

D. **Abhay Construction** द्वारा संलग्न कार्य अनुभव प्रमाण पत्रों के अनुसार B/W का मात्रा आधारित कार्य अनुभव निविदा के तकनीकी बीड में सफल होने के लिए वांछित न्यूनतम मात्रा 247.401 cum के विरूद्ध मात्र 28.80 cum है।

4. निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति का निर्णयः–

4.1 निविदा में प्रतिभागी 04 (चार) निविदाकारों में से Dharmendra Kumar एवं Abhay Construction, SBD ITB के कंडिका 4.5 (A) (c) तथा M/s Royal Engineers , SBD ITB के कंडिका 4.5 (A) (b) में वर्णित शर्त्त के अनुसार तकनीकी बीड की अर्हता को पूरा नहीं करते हैं। जबकि एकमात्र निविदाकार M/s Malti Singh Construction Pvt. Ltd. तकनीकी बीड कि अर्हता को पूरा कर रहे हैं।

4.2 निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति के उपर्युक्त निर्णय को निगम के वेबसाईट पर प्रदर्शित करने के साथ–साथ निविदाकारों को उनके e-mail से सूचित करने की अनुशंसा की जाती है।

4.3 तकनीकी बीड के उपरोक्त निर्णय के विरूद्ध तीन दिनों के अंतर्गत आपत्ति दर्ज की जा सकती है।

12.01.24
कार्यपालक अभियंता
दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा

12/01/24
तकनीकी सलाहकार
कार्य अंचल–1

12/01/2024
मुख्य लेखा पदाधिकारी
मुख्यालय, पटना

12.1.24
अधीक्षण अभियंता
कार्य अंचल–1